भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 33

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक

33. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास 2028 में लॉस एंजिल्स, अमेरिका और 2032 में ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में होने वाले अगले दो ओलंपिक में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोई नई योजनाएँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेष योजनाएँ हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आगामी ओलंपिक के लिए तैयारी की रूपरेखा क्या है;

(ग) क्या भारत ने 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक आयोजित करने में रुचि व्यक्त की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख): भारत सरकार, राष्टीय खेल परिसंघों के साथ समन्वय करके उत्कृष्ट खिलाड़ियों को वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स, अमेरिका और वर्ष 2032 में ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में होने वाले ओलंपिक्स सहित आने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए सहायता उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण स्कीमों को कार्यान्वित करती है।

<u>राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एएनएसएफ) को सहायता:</u>

उत्कृष्ट एथलीटों के प्रशिक्षण, एक्सपोजर प्रतियोगिताओं, विदेशी कोच/सहायक कर्मचारियों, उपकरणों और अन्य उच्च प्रदर्शन से संबंधित गतिविधियों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

<u>टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस):</u>

टीओपीएस के तहत, ओलंपिक और पैरालंपिक में पदक जीतने की क्षमता रखने वाले चयनित एथलीटों को कस्टमाइज्ड सहायता दी जाती है। इसमें विदेशी / भारतीय प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं, खेल विज्ञान सहायता, उपकरण, आउट-ऑफ-पॉकेट भत्ता और सहायक कर्मचारी शामिल हैं।

(ग) से (घ): भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए बोली लगाने की जिम्मेदारी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की है और ओलंपिक के लिए मेजबानी अधिकारों का आवंटन एक विस्तृत मेजबान चयन प्रक्रिया के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा किया जाता है।

मेजबान चयन प्रक्रिया आईओसी की वेबसाइट https://www.olympics.com/ioc/becoming-an-olympic-games-host/the-process-to-elect-olympic-hosts.पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। आईओए ने आईओसी को एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है। अब यह बोली आईओसी के भावी मेजबान आयोग के साथ "निरंतर संवाद" चरण में है।

*****